# बारिश में नालों का मुआयना करने पहुंचे नगरायुक्त



शेखर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** नगर में भीषण बारिश के दौरान नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बने नाले एवं अन्य क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था का निरीक्षण किया।

नगर आयुक्त द्वारा नगर क्षेत्र के सफाई जोन-1 में तेलटंकी, दिलाजक, एमनजई जलालनगर, नगर निगम कार्यालय के पास बने नाले, चिनौर,जलालनगर, नगर क्षेत्र के सफाई जोन-2 में अंटा चौराहा, बहादुरपुरा में बने नाले,सफाई जोन-3 में बंकाघाट के पास बने नाले, कनौजिया अस्पताल के पास बने नाले, सफाई जोन-4 में दुर्गा टॉकीज के पास बने नाले, भारद्वाजी, गर्रा घाट के दोनों तरफ बने नाले एवं सफाई जोन-5 में हनुमतधाम के पीछे नये पुल की तरफ बने नाले, ग्रीन वैली स्कूल के पास बने नाले के नगर आयुक्त द्वारा पाया गया कि नगर में हुई बारिश से कहीं पर भी जलभराव की स्थिति नही पाई गयी व पानी की निकासी सुचारू रूप से पाई गई।

नगर आयुक्त द्वारा बारिश से नगर में कहीं पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए एवं पानी की निकासी की व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके, इसके लिए सम्बंधित को विशेष निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सफाई एवं खादय निरक्षकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में निरक्षण कर जलभराव वाले स्थलों पर टीम लगाकर जलभराव की समस्या का त्वरित निस्तारण कराया गया। अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता उपस्थित रहे।